सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 171 | जौनपुर, शनिवार, 08 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## राज्य कर्मचारियों को चल और अचल संपत्ति का विवरण देने की तारीख बढ़ा दी गई : सीएम



लखनऊ, (संवाददाता)। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने राज्य कर्मचारियों को संपत्ति का विवरण देने की समयावधि बढ़ा दी है। अब 15 फरवरी तक संपत्ति का ब्योरा दिया जा सकेगा। इसके बाद भी विवरण न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव ने बृहस्पतिवार को निर्देश जारी करते हुए कहा कि 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण देने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन इस तारीख तक 831844 अधिकारियों व कर्मचारियों में से 593873 ने ही संपत्ति का विवरण दिया। इसलिए अब इसे 15 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। समूह क और ख के अधिकारियों के लिए मानव संपदा पोर्टल पर सालाना आनलाइन गोपनीय प्रविष्टियां दाखिल करने की समयावधि को बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया गया है। मुख्य सचिव ने कहा कि साफ निर्देशों के बाद भी कई विभागों के अधिकारियों की गोपनीय प्रविष्टियां अपलोड नहीं की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। कर्मचारियों का हित प्रभावित न हो, इसलिए निर्धारित समयावधि को बढ़ाकर 28 फरवरी तक किया गया है।

## भारत–अमेरिका रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा – राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत–अमेरिका रक्षा वार्ता आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों की समीक्षा करने और रक्षा सहयोग के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को अपने नवनियुक्त अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, दोनों मंत्रियों ने भूमि, वायु, समुद्री और अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में भारत– अमेरिका रक्षा सहयोग की व्यापक गतिविधियों की समीक्षा की। उच्च स्तरीय वार्ता ऐसे समय में हुई है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शिखर बैठक के लिए वाशिंगटन जाने वाले हैं। शिखर बैठक के दौरान जिन प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है, उनमें रक्षा और रणनीतिक साझेदारी शामिल हैं।

अपनी चर्चा में, सिंह और हेगसेथ ने 2025–2035 की अवधि के लिए भारत–अमेरिका रक्षा सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा विकसित करने में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। भारत– अमेरिका



रणनीतिक संबंधों को गहरा करेंगे। बातचीत के बाद, राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, हमने चल रहे रक्षा सहयोग की समीक्षा की और भारत–अमेरिका द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को विस्तारित और गहरा करने के तरीकों की खोज की। हम परिचालन, खुफिया, रसद और रक्षा– औद्योगिक सहयोग को कवर करने वाले एक महत्वाकांक्षी एजेंडे को तैयार करने पर भी सहमत हुए। सचिव हेगसेथ के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

हाल ही में हुई यह बातचीत भारत –अमेरिका रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास का संकेत देती है, जिसमें दोनों देश दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग पर जोर दे रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

### भाजपा देश की संस्थाओं का गला घोंट रही : उद्धव

मुंबई, (एजेंसी) । शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी पर देश और महाराष्ट्र में संस्थाओं का गला घोंटने का आरोप लगाया। पार्टी के रेलवे मजदूर संघ, रेलवे कामगार सेना, के एक कार्यक्रम में ठाकरे ने कहा कि उन्होंने न तो भगवा झंडे और न ही उसके आदर्शों को छोड़ा है। ठाकरे ने कहा, "सिर्फ इसलिए कि हम धैर्यवान हैं इसका मतलब यह नहीं है कि हम कायर हैं।" ठाकरे ने कहा, "पहले रेलवे के लिए अलग बजट होता था और रेलवे विभाग का कुछ महत्व था, लेकिन इस सरकार के सत्ता में आने के बाद हर संस्थान का गला घोंटा जा रहा है।" उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने रेल बजट को मुख्य बजट में मिला दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) और बेस्ट जैसी संस्थाओं का गला घोंटा जा रहा है। ठाकरे ने दावा किया कि एमएसआरटीसी घाटे में है और बेस्ट की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। ठाकरे ने कहा कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को कंगाल बनाया जा रहा है।

### दिल्ली के उपराज्यपाल ने आप के विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों की जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, (एजेंसी) । दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन आरोपों की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने के आदेश दिए जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उसके उम्मीदवारों को प्रलोभन देकर अपने पाले में करने का आरोप लगाया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य सचिव को यह निर्देश भाजपा की दिल्ली इकाई के महासचिव विष्णु मित्तल द्वारा उपराज्यपाल कार्यालय को दिए गए ज्ञापन के बाद दिया गया। केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले पार्टी के 16 उम्मीदवारों को खरीदने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि आप उम्मीदवारों को पाला बदलने पर भाजपा की ओर से मंत्री पद और 15–15 करोड़ रुपये मिलने का प्रस्ताव मिला था।

## महाकुंभ में मरने वालों की सूची जल्द जारी हो, घायलों के बारे में भी बताए सरकार - अजय राय

लखनऊ , (संवाददाता)। यूपी की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु सरकार ने मानी है। उसी दिन पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार रॉय की मौत हुई है। इस मौत को पुलिस नकार रही है। कुंभ मेला पुलिस ने पांच फरवरी को ट्वीट किया था। इसमें मौत की वजह भगदड़ नहीं बल्कि दूसरी वजह बताई है। सवाल यह है कि अपने ही उप निरीक्षक की मौत को सरकार क्यों नकार रही है। पुलिस की डायरी में 29 को सुबह 12.30 बजे दर्ज किया है कि उनकी ड्यूटी महाकुंभ में थी और मौत की बात लिखी गई है। जब सरकार अपने ही उप निरीक्षक की मौत को दबा रही है तो आम आदमी का अंदाजा लगाया



जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में मौत हुई है। सरकार सूची जारी करे। उन्होंने कहा कि उप निरीक्षक की मौत पर कोई अधिकारी मौके पर नहीं गया। जब पांच को मै वहां पहुंचा तो छह को एस पी मौके पर पहुंचे।। यह सरकार की संवेदनहीनता है। जब सरकार अपनी पुलिस को लेकर गंभीर नहीं है तो अन्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2019 में कुंभ का बजट 1300 करोड़ था जो अब 7500 करोड़ कर दिया गया। खास बात यह है कि भगदड़ के बाद एक भी टोल फ्री नंबर जारी नहीं किया गया। कुंभ में लापता, घायलों की कोई सूची जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से लाए गए लोगों के साथ अमानवीयता की गई है। लोगो को खाने के लिए बेड़ियां नहीं खोली गई। भारत के लोग पूरी दुनिया में हैं लेकिन आज सब अपमान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोलंबिया की सरकार ने अपने नागरिकों को सम्मान बुलाया लेकिन भारत के पीएम यह नहीं कर पाए।

## संसद भवन में पीएम मोदी से मिले बिहार एनडीए के 30 सांसद

नई दिल्ली, (एजेंसी) । पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के एनडीए नेताओं से मुलाकात की. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने उन्हें एक खास किताब तोहफे में दी. जानिए इस किताब में क्या खास है... बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं. एनडीए के सभी दल इसकी तैयारी में अभी से जुट गए हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में बिहार के सभी एनडीए सांसदों से मुलाकात की. इस दौरान सांसदों ने पीएम को कई तोहफे दिए. जेडीयू नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें स्वामित्व योजना पर आधारित एक खास कॉफी टेबल बुक भेंट की. इस बुक में 18 जनवरी 2025 को आयोजित स्वामित्व संपत्ति कार्ड के ई–वितरण कार्यक्रम का ब्योरा



है और योजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दर्शाया गया है. इस पुस्तक में 18 जनवरी 2025 को आयोजित स्वामित्व संपत्ति कार्डों के ई–वितरण कार्यक्रम का विवरण, 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित कार्यक्रमों की मुख्य बातें और योजना की प्रमुख उपलब्धियां प्रस्तुत की गई हैं. साथ ही, इसमें राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और उपराज्यपालों की भागीदारी के साथ–साथ देश भर के लाभार्थियों पर योजना के सकारात्मक प्रभाव को भी दर्शाया गया है. इस मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिख इस मुलाकात के दौरान बिहार एनडीए के करीब 30 सांसद मौजूद थे।

## महाराष्ट्र चुनाव के परिणामों में हेराफेरी की गई - राहुल गांधी

महाराष्ट्र, (एजेंसी) । कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले और शिवसेना (उद्धव बालासाहब



ठाकरे) सांसद संजय राउत के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हॉल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राहुल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव परिणामों में हेराफेरी की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद ही चुनाव आयोग की ओर से भी प्रतिक्रिया जारी कर दी गई। उन्होंने ट्वीट कर बताया, श्चुनाव आयोग राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले हितधारकों के रूप में मानता है। बेशक मतदाता सबसे अहम होता है और राजनीतिक दलों से आने वाले विचारों, सुझावों और सवालों को भी बहुत महत्व दिया जाता है। आयोग पूरे देश में समान रूप से अपनाए गए पूर्ण तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक मैट्रिक्स के साथ लिखित रूप में जवाब देगा। राहुल गांधी ने कहा कि हम इस टेबल पर महाराष्ट्र में पिछला चुनाव लड़ने वाले पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम चुनाव के बारे में कुछ जानकारी लाने जा रहे हैं। हमने विवरण का अध्ययन किया है– मतदाताओंऔर मतदान सूची का। हमारी टीमें काम कर रही हैं। हमें कई अनियमितताएं मिली हैं। राहुल ने कहा, श्हम चुनाव आयोग से कह रहे हैं कि हमें गड़बड़ी मिल रही है। हमें महाराष्ट्र के मतदाताओं के नाम और पते वाली मतदाता सूची चाहिए। हमें लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची चाहिए। हमें विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची चाहिए। हम यह समझना चाहते हैं कि ये नए नाम कौन–कौन से हैं। बहुत सारे मतदाता हैं, जिनके नाम हटा दिए गए हैं। एक बूथ के मतदाता दूसरे बूथ पर स्थानांतरित कर दिए गए हैं। इनमें से ज्यादातर मतदाता दलित समुदायों, आदिवासी समुदायों और अल्पसंख्यक समुदायों से आते हैं। हमने चुनाव आयोग से बार–बार अनुरोध किया है। उन्होंने हमें कोई जवाब नहीं दिया है। विपक्ष के नेता ने संसद भवन में यह बात कही है। चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया है। अब उनके जवाब न देने का एकमात्र कारण यह है कि उन्होंने जो किया है, उसमें कुछ गड़बड़ है। मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं। मैं यहां स्पष्ट रूप से डेटा प्रस्तुत कर रहा हूं। उन्होंने कहा, श्महाराष्ट्र में विधानसभा 2019 और लोकसभा 2024 के बीच पांच साल में 32 लाख नए मतदाता जोड़े गए। लोकसभा 2024 और विधानसभा 2024 के बीच 5 महीने में 39 लाख नए मतदाता जोड़े गए। सवाल ये है कि 5 महीने के अंदर पिछले 5 साल से ज्यादा मतदाता कैसे जोड़े गए? यह हिमाचल प्रदेश के कुल मतदाताओं के बराबर है। दूसरा मुद्दा यह है कि महाराष्ट्र में राज्य की पूरी मतदाता आबादी से ज्यादा मतदाता क्यों हैं? किसी तरह से अचानक ही महाराष्ट्र में मतदाता बनाए गए हैं।

## बुलडोजर कार्रवाई मामले में अदालत की अवमानना का आरोप – सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय में जाने को कहा। दरअसल याचिका में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल दिए अपने आदेश में बिना पूर्व नोटिस और सुनवाई का मौका दिए बगैर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संभल में प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना की गई। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि 13 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अदालत के आदेश के बावजूद 10–11 जनवरी 2025 को संभल स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व सूचना और उसका पक्ष सुने बगैर तोड़फोड़ की गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह अदालत के बीते साल नवंबर में दिए गए आदेश की अवमानना है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा। अदालत ने कहा कि 13 नवंबर, 2024 के अपने फैसले में उसने स्वतंत्रता दी थी कि यदि कोई उल्लंघन हुआ है, तो क्षेत्राधिकार वाला उच्च न्यायालय शिकायत पर विचार करने का हकदार होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की तरफ से पेश हुए वकील चांद कुरैशी से कहा कि वे याचिका उच्च न्यायालय में दायर करें।

## यूरिया की देश में कोई किल्लत नहीं, कुछ लोग मुनाफाखोरी के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं : नड्डा



केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि देश में यूरिया खाद की कोई किल्लत नहीं है और कुछ लोग मुनाफाखोरी के लिए इसके दामों को प्रभावित कर परेशानी पैदा कर रहे हैं। नड्डा ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि जन प्रतिनिधियों को और राज्य सरकार को इस तरह के तत्वों पर कार्रवाई करने में मदद करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के धौरहरा से समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने जब राज्य में यूरिया की किल्लत होने का दावा किया तो नड्डा ने कहा, ''यूरिया की किल्लत कभी नहीं रही। किल्लत पैदा की जाती है। कुछ लोग बाजार में सेंध लगाते हैं और अनावश्यक तरीके से मुनाफा कमाने के लिए इस तरह की स्थिति पैदा करते हैं।'' उन्होंने सांसदों से भी अनुरोध किया कि इस स्थिति से निपटने में सहयोग करें। नड्डा ने जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्य लवली आनंद के एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि किसानों तक डीएपी उर्वरक की आपूर्ति समय पर करने के लिए एक तिथिवार, सप्ताह वार और क्षेत्रवार रणनीति बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि जहां तक डीएपी के वितरण का सवाल है तो इसमें अनावश्यक रूप से परेशानी पैदा करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करने की।

## मार्सिले में नया दूतावास खोलेगा भारत - पीएम मोदी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी फरवरी के तीसरे सप्ताह में फ्रांस का दौरा करेंगे। जहां वे 11 फरवरी को पेरिस में एआइ समिट 2025 की सह– अध्यक्षता करेंगे। बता दें कि, फ्रांस ने भारत को इस सम्मेलन की सह–अध्यक्षता के लिए निमंत्रण दिया था। जानकारी के मुताबिक, इस कार्यक्रम में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीनी उपप्रधानमंत्री कई अन्य लोग शिरकत करेंगे। वहीं राजनयिक सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी इस दौरान तमाम फ्रांसीसी कंपनियों को प्रमुख के साथ मुलाकात और बातचीत भी करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस की छठा आधिकारिक दौरा है। एआई मीट की सह–अध्यक्षता करने के अलावा, पीएम मोदी 12 फरवरी को फ्रांस सरकार की तरफ से आयोजित वीवीआईपी डिनर में भी शामिल होंगे। पेरिस शांति मंच का हिस्सा एआई शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई विकास और तैनाती के लिए एक नैतिक, टिकाऊ और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी की भागीदारी के साथ, भारत वैश्विक एआई एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इससे पहले ये सम्मेलन लंदन और सियोल में आयोजित किया गया था।

मार्सिले में पीएम मोदी की मैक्रों से मुलाकात

जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी 12 फरवरी को मार्सिले में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। एयरोस्पेस, इंजन और पनडुब्बियों के क्षेत्र में भारत और फ्रांस के बीच सफल वार्ता चल रही है। असैन्य परमाणु ऊर्जा और रिएक्टरों पर भी अग्रिम वार्ता चल रही है पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान ठोस कार्यक्रम को लेकर कहा था, फ्रांस 10–11 फरवरी को एआई एक्शन



घोषणाओं की संभावना भी है। इससे पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम मोदी के दौरे और इस सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन में एआई को लेकर अंतरराष्ट्रीय विमर्श होगा। इसमें पीएम

# संपादकीय

## जिंदगी का गणित

लंबे समय से देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल–कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। अकसर देखने में आता है कि हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे। जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल–कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए। यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी–दर–पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी। वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे–मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा–मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। वहीं दूसरी ओर देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर–2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। निस्संदेह, इसे एक अच्छा संकेत माना जाना चाहिए। लेकिन वास्तव में जरूरत इस बात की है कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़ने और जीवन की गणनाओं में उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से ऐसा कोई भी प्रयास नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है, जो व्यावहारिक शिक्षा दिए जाने की जरूरत पर बल देती है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट–स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है। जैसा कि शिद्दत से महसूस किया जा रहा है कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास को तेज गति देने के लिये एक कुशल कार्यबल की नितांत आवश्यकता है।

# आंगन को छोटा करने वाली दीवारें न उठ पाएं

विश्वनाथ

मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में 'अमृत स्नान' के अवसर पर जो कुछ हुआ वह हृदय–विदारक है। कितने घायल हुए, कितने भगदड़ में मर गये, इस संख्या को लेकर विवाद होता रहेगाय इस भयानक हादसे के कारणों को लेकर भी विवाद चलता रहेगा। निश्चित रूप से यह एक भयंकर त्रासदी है, जिसे लेकर सारा देश उद्विग्न है। परेशान भी है। इस हादसे की देश में ही नहीं, दुनिया भर में चर्चा हो रही है। यह स्वाभाविक भी है, जरूरी भी। दुनिया के इस सबसे बड़े मेले में चालीस करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया था। सरकार इस बात को जानती थी। यही नहीं, तरह–तरह के संसाधनों से अधिकाधि ाक यात्रियों को इस अमृत पर्व आयोजन का हिस्सा बनने के लिए कहा जा रहा था। हद तो तब हो गयी जब इस मेले में आने को राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर देखा जाने लगा। बहरहाल, इस सब की चर्चा देश में खूब हो रही है। होनी भी चाहिए। पर 'अमृत स्नान' की उस रात प्रयागराज में कुछ और भी ऐसा हुआ था जिसकी उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी होनी चाहिए थी। जब लाखों की संख्या में श्रद्धालु शरण पाने के लिए उमड़ रहे थे, थके– हारे परेशान हो रहे थे तो इलाहाबाद के मुसलमानों ने अपने हिंदू भाइयों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिये थे, परेशान यात्रियों को अपने घरों में जगह दी थी। उन्हें चाय दी, खाना दिया, बिस्तर दिये, दवाइयां दी। यह दृश्य रोमांचित करने वाला था। यह वे ही लोग थे, जिनके लिए कुछ लोगो ने यह कहा था कि उन्हें मेला क्षेत्र में दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। एक स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिकों पर इस तरह का बंधन किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। सच पूछा जाये तो यह पंथ–निरपेक्ष भारत की नागरिकता का अवमूल्यन था। यह एक कड़वा घूंट ही होगा उन सब नागरिकों के लिए जो पंथ–निरपेक्षता में विश्वास करते हैं। स्वतंत्र भारत में कभी कुंभ–पर्व के अवसर पर हमारी गंगा–जमुनी सभ्यता और संस्कृति को नकारने की बात इससे पहले नहीं कही गई। इस सबके बावजूद मौनी अमावस्या की उस रात में प्रयागराज के मुस्लिमों ने मनुष्यता का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया था। हकीकत यह भी है कि इस मनुष्यता के उदाहरण की उतनी चर्चा हुई नहीं, जितनी होनी चाहिए थी। उस रात कुंभ में पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने के लिए आये परेशान यात्रियों के लिए जो सद्भाव के प्रयास हुए, उसके महत्व को आज नहीं तो कल अवश्य समझा जायेगा। समझा जाना ही चाहिए। ऐसा नहीं है कि इस तरह का अनुकरणीय काम देश में पहली बार हुआ है। अतीत में भी हिंदू और मुसलमान, दोनों इस तरह के उदाहरण प्रस्तुत करते रहे हैं। कुछ साल पहले कोलकाता के एक मंदिर के दरवाजे उन नमाजी मुसलमानों के लिये खोल दिये गये थे जो तेज वर्षा के



कारण खुले में ईद की नमाज नहीं पढ़ पा रहे थे। वे दिन भी थे जब ईद और दीपावली हिंदू–मुसलमान मिलकर मनाते थे। हिंदू मीठी सवैयों के लिए अपने मुसलमान पड़ोसी की ईद का इंतजार करते थे और मुसलमान हिंदू मित्र से दीपावली की मिठाई पाना अपना अधिकार समझते थे। ऐसा नहीं है कि मेलजोल की यह भावना अब खत्म हो गयी है। पर एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि स्वतंत्र भारत में दोनों मजहबों के बीच दीवारें उठाने की कोशिश अब अक्सर होने लगी है। दोनों ही वर्गों में ऐसी आवाजे उठ जाती हैं, जिन्हें सुनकर दुख भी होता है और निराशा भी होती है। यह काम जो भी करते हैं, वे देश को बांटने वाले हैं, जोड़ने वाले नहीं। सदियों से इस देश में हिंदू और मुसलमान मिल–जुल कर रहे हैं। अब तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक यह भी कह रहे हैं कि इस देश के हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। तो फिर हमारे आंगन को छोटा करने वाली दीवारें क्यों उठ रही हैं? देश को बांटने वाली ताकत जब–तब हमारे विवेक पर क्यों हावी हो जाती है? हैरानी की बात तो यह भी है कि ईश्वर और अल्लाह का नाम साथ–साथ लेने पर भी कुछ लोगों को ऐतराज है! देश और समाज को बांटने वाली यह ताकतें यह क्यों भूल जाती हैं कि सदियों से यह देश धार्मिक एकता का उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। आज से ठीक 1018 साल पहले संत झूलेलाल ने 'ईश्वर–अल्लाह हिक आहे' का संदेश दिया था। 'दमा दम मस्त कलंदर' की धुन पर नाचने–गाने वाले हमारे इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों को क्यों याद नहीं रखते? बहरहाल, प्रयागराज की बात करें। यह बात ज्यादा माने नहीं रखती कि कौन गंगा के पानी को कितना पवित्र मानता है, महत्वपूर्ण यह तथ्य है कि गंगा का पवित्र जल सबके लिए एक–सा हैय सबको पुण्य देने वाली गंगा किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं बरतती। गंगा मां है, सब उसकी संताने हैं। इसलिए जो भी गंगा के पानी में डुबकी लगायेगा, पुण्य पायेगा। मौनी अमावस्या की उस रात में वे सब पुण्य के भागी बने थे जिन्होंने डुबकी लगायी या जिन्होंने डुबकी लगाने के लिए आये यात्रियों की परेशानी को दूर करने में योगदान किया। उस रात प्रयागराज में मनुष्यता का एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया था। ६ ाार्मिक सहिष्णुता के संदर्भ में एक बात और हमें याद रखनी होगी। आज भले ही हिंदू–मुसलमान के बीच दीवारें उठाने की कोशिशें हो रही हों, पर हकीकत यह है कि देश का हर नागरिक इसी मिट्टी में जन्मा है, इसी देश की हवा उसकी सांसों में है। इसलिए, ऐसी हर कोशिश को नाकाम करने की जरूरत है जो जोड़ने के बजाय बांटने की कोशिश करे। धार्मिक एकात्मता का अनूठा उदाहरण है हमारा भारत। दुनिया के किसी भी देश में इतने धर्म साथ–साथ नहीं पल रहे, जितने हमारे देश में हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध सब धर्मों के अनुयायी यहां साथ–साथ जीते हैं। विविधता में एकता का अनूठा उदाहरण है यह। यह विविधता हमारी ताकत है। यह ताकत कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। फूलों के रंग भले ही अलग–अलग हों, पर बीज एक–से हैं, इसी मिट्टी से, इसी पानी से, यह बीज ऊर्जा लेते हैं। मनुष्यता के इस बीज की रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है। बुनियादी बात यह है कि हम सब मनुष्य हैं। हमारे भीतर की मनुष्यता जिंदा रहनी चाहिए। बुनियाद है यह मनुष्यता। इस बुनियाद को मजबूत करना है। मजबूत रखना है। एक शेर याद आ रहा है। पता नहीं किसका लिखा है, पर है बहुत उपयुक्तकृ 'सब हिफाजत कर रहे हैं मुस्तकिल दीवार कीध जबकि हमला हो रहा है मुस्तकिल बुनियाद पर।' मुस्तकिल का मतलब होता है मजबूत। इस मजबूती को और मजबूत करना जरूरी है। यह काम कहने से नहीं, करने से होगा। मौनी अमावस्या की रात को इलाहाबाद के संगम पर अनूठी पहल की गई। यह उदाहरण हर भारतीय को प्रेरणा देने वाला होना चाहिएकृ हिंदी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा।

# प्लास्टिक के खतरों से निपटने का कारगर विकल्प

डॉ. रेनू

प्लास्टिक कचरा आज पर्यावरण की एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो न केवल धरती, महासागरों और नदियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि हमारे भोजन और पानी में भी मिल रहा है। पारंपरिक प्लास्टिक का निर्माण पेट्रोलियम उत्पादों से होता है, जो प्रदूषण बढ़ाते हैं और सैकड़ों सालों तक नष्ट नहीं होते। इस समस्या का समाधान तलाशने के लिए वैज्ञानिक चावल–आधारित बायोप्लास्टिक की ओर देख रहे हैं, जो प्लास्टिक का टिकाऊ और पर्यावरण–मित्र विकल्प हो सकता है। चावल दुनियाभर में सबसे अधि ाक उगाया और खाया जाने वाला अनाज है। इसके प्रसंस्करण के दौरान बड़ी मात्रा में कृषि अवशेष, जैसे धान की भूसी और पराली, निकलते हैं। आमतौर पर इनका कोई विशेष उपयोग नहीं होता और कई बार किसान इन्हें जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिसम्बर–जनवरी के महीनों में दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। वैज्ञानिकों ने इस कृषि कचरे का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाने में करना सीख लिया है, जिससे न केवल कृषि कचरे का पुनर्चक्रण होता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे किसानों की आय भी बढ़ सकती है और उद्योगों के लिए एक नया लाभकारी अवसर उत्पन्न हो सकता है। पारंपरिक प्लास्टिक कचरे की समस्या यह है कि यह पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता और धीरे–धीरे छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। यही माइक्रोप्लास्टिक हमारे पानी, भोजन और यहां तक कि हवा में भी मिल चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। शोध बताते हैं कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक महासागरों में पहुंच जाता है, जिससे समुद्री जीव–जंतुओं को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा, प्लास्टिक बनाने की प्रक्रिया में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। पारंपरिक प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग भी पूरी तरह से प्रभावी नहीं है, क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक या तो लैंडफिल में चला जाता है या जलाए जाने पर हानिकारक गैसें उत्पन्न करता है। बायोप्लास्टिक प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। इन्हें जैविक स्रोतों से बनाया जाता है, जैसे मक्का, गन्ना और अब चावल। चावल से बने बायोप्लास्टिक में मुख्य रूप से स्टार्च और सेल्यूलोज का इस्तेमाल होता है। चावल के स्टार्च को कुछ प्राकृतिक पदार्थों, जैसे ग्लिसरॉल, के साथ मिलाकर एक लचीला और टिकाऊ प्लास्टिक तैयार किया जाता है।

इसके अलावा, चावल की भूसी से सेल्यूलोज निकाला जाता है, जिसे आगे की प्रक्रिया में तैयार करके मजबूत बायोप्लास्टिक बनाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल के अवशेषों से पॉलीहाइड्रॉक्सीएल्केनोएट्स (पीएचए) नामक एक जैविक पॉलिमर बनाने की तकनीक विकसित की है, जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है। यह पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत होता है लेकिन कुछ महीनों में ही प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाता है। चावल–आधारित बायोप्लास्टिक का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है, जिससे यह पारंपरिक प्लास्टिक का व्यावहारिक विकल्प बन सकता है। खाद्य पैकेजिंग में, बायोप्लास्टिक से बने कंटेनर और रैपिंग मैटेरियल खाद्य उत्पादों की ताजगी बनाए रखते हैं और प्लास्टिक कचरे को कम करते हैं। कृषि क्षेत्र में, बायोडिग्रेडेबल मल्चिंग फिल्म मिट्टी की नमी बनाए रखने और खरपतवार नियंत्रण में सहायक होती है।

# स्वास्थ्य

## तन-मन की सेहत संवारें नियमित गहरी नींद से



नींद हमारी सेहत के लिये उतनी ही जरूरी है जितने अच्छा भोजन और व्यायाम। लेकिन आजकल लोग कामकाजी व्यस्तता और गेजेट्स पर लंबा समय बिताने के चलते पर्याप्त

पीजीआई की नर्सिंग अफसर सिमरन कौर

व गुणवत्तापूर्ण नींद को नजरअंदाज कर रहे हैं। नींद के महत्व, उसके लाभ, उसकी कमी के दुष्प्रभाव और बेहतर नींद के उपायों पर एनबीएफ भारत से जुड़ीं और चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में कार्यरत सिमरन कौर से विवेक शर्मा की बातचीत।

आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन, टीवी और लैपटॉप का अधिक इस्तेमाल हमारी नींद को प्रभावित कर रहा है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बाधित करती है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है।ऑफिस का तनाव, देर रात तक काम, सोशल मीडिया पर देर रात तक एक्टिव रहना, ये सभी आदतें हमारी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि हम अपनी दिनचर्या में सुधार करें और नींद को प्राथमिकता दें। लोग अक्सर नींद को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि नींद केवल शरीर को आराम देने का माध्यम ही नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए उतनी ही जरूरी है जितने संतुलित भोजन और व्यायाम।

अध्ययनों से पता चला है कि पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद न केवल हमारी मानसिक– शारीरिक सेहत को बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि हमारी उत्पादकता, भावनात्मक संतुलन, हृदय के स्वास्थ्य और संपूर्ण जीवनशैली को भी प्रभावित करती है।

नींद क्यों महत्वपूर्ण है?

नींद हमारे शरीर और मस्तिष्क के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह शरीर को न केवल ऊर्जावान बनाती है बल्कि कई महत्वपूर्ण कार्यों में भी सहायक होती है, जैसेरू

ऊतक और मांसपेशियों की मरम्मत रू नींद के दौरान शरीर की कोशिकाएं खुद को पुनः निर्माण करती हैं और क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत होती है।

हार्मोनल संतुलन : नींद के दौरान शरीर कई महत्वपूर्ण हार्मोन जैसे मेलाटोनिन, ग्रोथ हार्मोन और कोर्टिसोल का उत्पादन करता है, जो शरीर के विकास और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) को नियंत्रित करते हैं।

मस्तिष्क की कार्यप्रणालीः सोने के दौरान मस्तिष्क पुरानी यादों को संगठित करता है और नई जानकारी को लंबे समय तक संग्रहीत करता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता नींद के दौरान शरीर संक्रमण से लड़ने वाले एंटीबॉडी और साइटोकाइन्स का उत्पादन करता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

बेहतर नींद के स्वास्थ्य पर प्रभाव

हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से सुरक्षा

नींद के दौरान शरीर का रक्तचाप स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है, जिससे हृदय और रक्त वाहिकाओं को आराम मिलता है। लेकिन जो लोग लगातार कम नींद लेते हैं, उनमें रक्तचाप सामान्य से अधिक रहने लगता है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जो हाइपरटेंशन और हृदय रोगों जैसे स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा सकता है। अध्ययनों के अनुसार, जो लोग हर रात 6 घंटे से कम सोते हैं, उनमें हृदय रोगों का जोखिम 30–40ः तक बढ़ जाता है।

वजन बढ़ने से बचाव

नींद की कमी सीधे हमारे मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करती है। यह शरीर में दो महत्वपूर्ण हार्मोन, घ्रेलिन (भूख बढ़ाने वाला हार्मोन) और लेप्टिन (भूख कम करने वाला हार्मोन) के संतुलन को बिगाड़ देती है। जब व्यक्ति पर्याप्त नींद नहीं लेता, तो शरीर में घ्रेलिन का स्तर बढ़ जाता है और लेप्टिन का स्तर कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति को अधिक भूख लगती है और वह बार–बार खाने की इच्छा महसूस करता है। नींद की कमी शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस को भी बढ़ा सकती है, जिससे टाइप–2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना

नींद मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। नींद की कमी से चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। जब शरीर पर्याप्त आराम नहीं कर पाता, तो तनाव हार्मोन कोर्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है, जिससे व्यक्ति हर समय तनावग्रस्त और परेशान महसूस करता है। मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए रोजाना 7–9 घंटे गहरी नींद चाहिये।

स्मरण शक्ति और एकाग्रता में सुधार

नींद मस्तिष्क को आराम देने का कार्य करती है। जब हम सोते हैं, तो हमारा मस्तिष्क पूरे दिन प्राप्त की गई सूचनाओं को व्यवस्थित करता है और उन्हें लंबे समय तक याद रखने योग्य बनाता है।गहरी नींद लेने से सीखने की क्षमता, ध्यान केंद्रित करने की शक्ति और समस्या सुलझाने की क्षमता में सुधार होता है। दूसरी ओर, नींद की कमी से ध्यान भटकता है, निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है और व्यक्ति छोटी–छोटी बातें भूलने लगता है।

मजबूत इम्यूनिटी

शरीर नींद के दौरान रोगों से लड़ने वाले एंटीबॉडी और साइटोकाइन्स का उत्पादन करता है। यह प्रक्रिया शरीर को बैक्टीरिया और वायरस के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। जो लोग पर्याप्त नींद नहीं लेते, वे अक्सर सर्दी–जुकाम, फ्लू और अन्य संक्रमणों का शिकार हो जाते हैं। नींद की कमी से शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है।

## सहज जीवनचर्या में जिंदगी का सुख

आपाधापी और हड़बड़ी की जीवनशैली लोगों में कई शारीरिक–मानसिक रोगों की वजह बन रही है। वहीं इससे सामाजिक मेलजोल , निर्णय क्षमता और प्रॉडक्टिविटी पर असर पड़ रहा है। कई अध्ययनों में भी यह तथ्य सामने आया है। ऐसे में सेहत विशेषज्ञ स्लो लिविंग यानी सहज जीवनचर्या अपनाने पर बल दे रहे हैं।

शिखर चंद जैन

आज जिसे देखिए वही जल्दबाजी में है। न खाने का टाइम, न ठीक से नहाने का। न नींद पूरी होती है न परिवार के सदस्यों से ठीक से बातचीत हो पाती है। मनोरंजन और सुकून के लिए फिल्म देखते वक्त भी हम उसे लगातार फॉरवर्ड करते रहते हैं। यहां तक कि 2 मिनट की कोई रील या वीडियो देखते वक्त भी उसे फास्ट स्पीड कर देते हैं मानो हम कहीं भागे जा रहे हों। हर वक्त डर सताता है कि वर्कप्लेस के लिए देर न हो जाए, ट्रेन या बस न छूट जाए। इन सभी के बीच पीछे छूट जाते हैं रिश्ते, सेहत और तन–मन का सुकून।

नुकसान बेवजह की हड़बड़ी के

अनावश्यक हड़बड़ी से आपको कई तरह के खमियाजे उठाने पड़ते हैं रू

मानसिक बीमारियां रू समाजशास्त्री और व्यवहार विशेषज्ञों का कहना है कि यह आपाधापी और हड़बड़ी लोगों को तरह–तरह की शारीरिक–मानसिक बीमारियां दे रही है। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक जैसी बीमारियां बढ़ती ही जा रही हैं। इसलिए अब सेहत विशेषज्ञ थोड़ा सुकून से, जरा ठहरकर और शांतिपूर्वक जीवन जीने की सलाह दे रहे हैं।

पाचन की समस्या रू जब आप ठीक से घर का भोजन नहीं करते तो या तो भूखे रह जाते हैं या फिर खाना पचता नहीं। रोज बाहर खाते हैं तो उसके साइड इफेक्ट आपको पेट, हार्ट और दिमाग की बीमारी दे सकते हैं। बिगड़ता वर्कप्लेस परफॉर्मेंस रू हर वक्त हड़बड़ी में रहना जब आपका स्वभाव हो जाता है तो यही आपके वर्किंग स्टाइल में भी रिफ्लेक्ट होता है। आपके काम सही तरीके से नहीं होते। अक्सर गलतियां होती हैं और आपके व्यापार में नुकसान होता है या बॉस से डांट सुननी पड़ती है। प्रोडक्टिविटी कम होने लगती है।



आपका मन हमेशा बेचैन, असंतुष्ट और चिड़चिड़ा रहने लगता है। आप समझ नहीं पाते कि क्यों इतनी मेहनत करने के बावजूद न तबीयत ठीक रहती है और न कोई काम होता है।

स्लो लिविंग के मायने

स्लो लिविंग का अर्थ यह कतई नहीं है कि आप आलस्य में बिस्तर पर पड़े रहें, काम करने में ढिलाई बरतें या 1 घंटे का काम 2 घंटे में पूरा करने की आदत डाल लें। स्लो लिविंग का अर्थ है जीवन को फर्राटे से दौड़ने वाला इंजन न बनने दें। इसे सजीव जीने की आदत डालें, तेजी से बिताने की नहीं। अपने तन–मन व रिश्तों को समय दें। थोड़े रचनात्मक, सामाजिक, मिलनसार और विनम्र बनें। न सिर्फ दूसरों के प्रति बल्कि स्वयं के प्रति भी जिम्मेदारियां समझें। सुबह की चाय जरा इत्मीनान से पिएं। भोजन शांति से करें। माता–पिता, जीवनसाथी, बच्चों और दोस्तों के बीच भी थोड़ी देर बैठें।

क्या करें सुकून से जीने के लिए

जीवन में स्पीड कंट्रोल करने के लिए आप अपने स्वभाव और आदतों में कुछ बदलाव लाएं। मसलन दृ

सुबह आहिस्ते से रू सुबह की शुरुआत धीमी हो। यह समय जीवन में कुछ योग करने यानी जोड़ने का है। यह वक्त योगासन, प्राणायाम, ध्यान, व्यायाम को दें, बागवानी करें। टहलते हुए प्रकृति की संगत करें, पेट्स और बर्ड्स से बतियाएं। इससे मन को सुकून मिलेगा। जब हम दिनचर्या को धीमा करते हैं और सुबह की शुरुआत अच्छी करते हैं तो हमारी रचनात्मक बढ़ती है। बड़े–बड़े वैज्ञानिकों और कलाकारों ने हमेशा स्लो लाइफ जीना पसंद किया।

? तय करें उद्देश्य रू आप दिन में अस्त–व्यस्त रहने के बजाय यकीनन प्रोडक्टिव और व्यस्त रहना चाहेंगे। इसलिए सवेरे अपने दिनभर का रूटीन फिक्स करें। आज क्या करना है, किन लोगों से मिलना है, सब लिस्ट बनाकर टाइम फिक्स कर लें।

# मोदी सरकार बगैर भेदभाव के सभी जाती धर्म समुदाय के विकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं - बच्चा भैया



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने आज आए चुनाव कहा कि देश की जनता आज भी मोदी सरकार योगी सरकार पर भरोसा करती हैं इसलिए देश के 18 राज्यों में भाजपा गठबन्धन सरकार थी आज दिल्ली में प्रचंड बहुमत से देश में भाजपा गठबन्धन की 19 राज्य में सरकार हो गई और उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में 61 हजार वोटो से जनता ने चुनाव जिताकर योगी सरकार पर भरोसा जताया है। बच्चा भईया ने कहा कि अभी और राज्यों में भी भाजपा गठबन्धन सरकार बनेगी क्योंकि मोदी सरकार बगैर भेदभाव के सभी जाती धर्म समुदाय के विकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं। बच्चा भईया ने कहा कि विपक्षी दलों के झूठे वादे को जनता ने नकार दिया है और सभी विपक्षी दलों में भगदड़ मच हुई है लोग छोड़कर जा रहे है। बच्चा भईया ने कहा कि अब भाजपा गठबन्धन सरकार पचासों साल तक रहेगी क्योंकि जनता अब भारत में विकाश कार्य करने वाली मोदी सरकार चाहती हैं। वही भाजपा नेता आई टी सेल सहसंयोजक अवनीश यादव ने कहा कि यह जीत मोदी सरकार योगी सरकार के उपलब्धि की जीत है।

# सड़क दुर्घटना में दरोगा शेष नाथ यादव की मौत ,शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज के पास टेकारी मोड पास सड़क हादसे में शनिवार सुबह प्रतापगढ़ जिले की देहात कोतवाली में तैनात दरोगा शेषनाथ यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय वे जौनपुर से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे थे। विदित हो मृतक दरोगा अपने साले की शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।



घटना की जानकारी मिलते ही प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज के सीओ समेत कई पुलिस कर्मी सिकरारा थाने पहुंच गए। गाजीपुर के मूल निवासी शेषनाथ यादव 2016 में उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई के पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मिल्कीपुर की जनता ने विधानसभा उपचुनाव मे भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर लिया लोकसभा के हार का बदला

## अपना गढ नहीं बचा पाए सपा सांसद के पुत्र सपा प्रत्याशी अजीत प्रताप प्रसाद

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। पिछले वर्ष आठ माह पूर्व हुई लोकसभा चुनाव मे लोकसभा फैजाबाद सांसद की सीट अवधेश प्रसाद ने अपने खाते में कर लिया था।जिसका बदला उत्तर प्रदेश की हॉट सीट कहीं जाने वाली मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में यहां की जनता ने भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को 61000 से अधिक मतों से जिताकर विधानसभा भेजते हुए हार का बदला ले लिया है।इतना ही नहीं देखा जाये तो 61000 से अधिक मत पाकर चंद्रभान पासवान ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया है। बताते चले कि 8 साल बाद सपा से मिल्कीपुर विधानसभा ने एक बार फिर सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद छीन लिया।भाजपा ने मिल्कीपुर में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी चंदभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 61 हजार 636 वोट से हराया। इस बार मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में चंद्रभानु पासवान को 1,46, 297 जबकि अजीत प्रसाद को 84,687 वोट मिले। मजे की बात तो यह है सपा प्रत्याशी और अयोध्या सांसद के बेटे अजीत प्रसाद अपने ही बूथ से हार गए। देखा जाये तो पिछले वर्ष लोकसभा



चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा को सपा से 7 हजार वोट कम मिले थे।वही 8 महीने में ही भाजपा ने बाजी पलट दी।तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सूरज चौधरी रहे हैं। उन्हें 5457 वोट मिले हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में मत करना के दौरान जहां एक तरफ पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बढ़त बनाई वहीं उसके बाद फिर वर्तमान सांसद अवधेश प्रसाद ने मतगणना खत्म होने तक बढत बनाते रहे। जबकि आठ ही महीने के अंदर मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर की जनता ने सपा प्रत्याशी को करारा जवाब देते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभान पासवान कोरिकॉर्ड मतों से जिताकर विजई बनाया। आज मतगणना के दिन सुबह से ही एक बार चंद्रभान पासवान ने भारत बनाया तो पीछे मुड़कर नहीं देखा और मतगणना समाप्त होने तक बढ़त बनाए रखी और 61000 से अधिक मतों से प्रचंड बहुमत में जीत हासिल किया।

# दिल्ली चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जिला पंचायत कार्यालय में मनाया गया जीत का जश्न



(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। दिल्ली चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जिला पंचायत कार्यालय अयोध्या में मनाया गया जीत का जश्न।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी ने लगाए जय श्री राम के नारे। प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित का बयान। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी की नीतियों की जीत है।मिल्कीपुर जनता की जीत, मिल्कीपुर की देवतुल्य जनता के चरणों में प्रणाम करता हूँ भारतीय जनता के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को जिताया है।जनता का आभार व्यक्त करता हूं।सपा सांसद अवधेश प्रसाद पर जुबानी हमला बोला। राजा की जो परिकल्पना थी वह बहुत पहले समाप्त हो गई थी।लेकिन जिसकी आदत बन गई थी तानाशाही और शासन करने की। कि मैं अब यहां का शासक हो गया हूँ। उनके अंदर कहीं ना कहीं राजा वाली आत्मा जग गई थी। अब जनता ने उन्हें नकार दिया।जिसका परिणाम आज फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद को देखने को मिला है।

# 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आगाज 8 से 11 फरवरी तक चलेगा यज्ञ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। गायत्री शक्ति पीठ में नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण आयोजन शुरू हुआ है। शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आगाज हुआ, जो 8 से 11 फरवरी तक चलेगा।कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से निकलकर लोगों को जागृत करते हुए गायत्री शक्ति पीठ पर जाकर समाप्त हुई।इस दौरान लोग गायत्री मंत्री का जाप करते हुए चल रहे थे ।पूरा शहर गायत्री मंत्र से गुंजायमान हो उठा था। यह कार्यक्रम युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की युग निर्माण योजना का हिस्सा है, जिसमें सात प्रमुख आंदोलन शामिल हैं। इनमें साधना, शिक्षा, स्वाध्याय, नारी जागरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन और कुरीति उन्मूलन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चार दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन विविध गतिविधियां होंगी, जिनमें ध्यान साधना, प्रज्ञायोग, गायत्री महायज्ञ, संगीतमय प्रवचन और कार्यकर्ता गोष्ठी प्रमुख हैं। कार्यक्रम में नारी जागरण पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां महिलाओं को आत्मबोध और सशक्तिकरण का मार्गदर्शन मिलेगा। शांतिकुंज हरिद्वार की विशेष टीम कार्यक्रम का संचालन कर रही है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से भारतीय वेशभूषा, विशेषकर पीले वस्त्र पहनकर कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है। यह महायज्ञ राष्ट्रीय चेतना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राइजिंग स्टार्स स्केटिंग चौंपियनशिप का भव्य समापन और पुरस्कार वितरण समारोह एसकेडी एकेडमी, लखनऊ में संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। राइजिंग स्टार्स स्केटिंग चौंपियनशिप का शानदार समापन एसकेडी एकेडमी, वृंदावन योजना, लखनऊ में हुआ, जहाँ दूसरे और अंतिम दिन युवा स्केटर्स ने अपने रोमांचक प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह चौंपियनशिप प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का अद्भुत संगम रही, जिससे स्केटिंग के प्रति उत्कृष्टता का भव्य उत्सव देखने को मिला। इस प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार और पदक वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक, श्री मनीष सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सभी प्रतिभागी स्केटर्स को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उनके प्रेरणादायक



शब्दों ने युवा खिलाड़ियों को जोश और समर्पण के साथ अपने खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में उप निदेशिका, श्रीमती निशा सिंह और सहायक निदेशिका (शैक्षणिक), श्रीमती कुसुम बत्रा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और अपनी शुभकामनाएँ दीं, जिससे पूरे आयोजन का माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो गया। राइजिंग स्टार्स स्केटिंग चौंपियनशिप ने एक बार फिर उभरते हुए स्केटर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान किया। एथलीटों, कोचों और दर्शकों के जोश और समर्थन के साथ, यह आयोजन पूरी तरह से सफल रहा।

# आम आदमी पार्टी की खोखली वादों और जुमलेबाजी के खिलाफ जनता के फैसले को दर्शाता है – इं अमित श्रीवास्तव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद उत्तर प्रदेश के जौनपुर में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। मछलीशहर पड़ाव पर जिला महामंत्री इंजीनियर अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए और भगवा झंडे लहराते हुए पार्टी के समर्थन में नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई और आतिशबाजी की। जिला महामंत्री श्रीवास्तव ने बताया कि 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा की यह जीत ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर लगभग 70 प्रतिशत बहुमत से पार्टी की जीत हुई है, जो आम आदमी पार्टी की खोखली वादों और जुमलेबाजी के खिलाफ जनता के फैसले को दर्शाता है। इस जीत का जश्न उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मनाया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इस सफलता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत जनता का भाजपा की नीतियों पर विश्वास दर्शाती है। इसी क्रम में क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र सुभाष कुशवाहा ने कहा कि दिल्ली के चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 1 साल से पूर्व से ही बहुत ही योजनाबाद तरीके से तैयारी की थी वहां के कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व कार्य किया है यह लड़ाई अरविंद केजरीवाल के कट्टर ईमानदार की लड़ाई थी और वहां की जनता ने यह साबित कर दिया कि कट्टर ईमानदार कौन है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इस बार दिल्ली में चुनाव के दौरान तूफान आया और हम लोगों को लोकसभा के चुनाव के बाद जो 30 थी वह खत्म हुई और इसी क्रम में मिल्कीपुर चुनाव अयोध्या के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालकर अपनी गलती को सुधारने का काम किया है यह साबित कर दिया है कि हम सभी लोग राम जन्मभूमि के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी को श्रेय देते हैं और सब मिलकर इसका यस मनाएंगे सबसे बड़ी बात दिल्ली के चुनाव में यह देखने को मिली कि वहां की वाटर इस बार प्रखर होकर बाहर निकलकर जो मध्यम वर्ग की है वाटर बाहर निकलता नहीं है इस बार आक्रामक होकर बाहर निकाला और भारतीय जनता पार्टी को वोट किया यह सबसे बड़ी बात है।

# मिल्कीपुर में 8 प्रत्याशियों की जमानत जब्त वही चंद्रशेखर के कैंडिडेट को मिले सिर्फ 5 हजार वोट जबकि सबसे कम कंचन लता को मिले 200 वोट

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। चंद्रभानु की जीत इतनी बड़ी थी कि सिर्फ सपा कैंडिडेट अजीत प्रसाद टक्कर दे सके।बाकी 8 कैंडिडेट की जमानत जब्त हो गई। चंद्रशेखर की पार्टी आजाद समाज पार्टी के कैंडिडेट संतोष कुमार को सिर्फ 5 हजार वोट मिले। सीट पर सबसे कम 286 वोट कंचन लता को मिले। काउंटिंग की शुरुआत होने के साथ ही हर राउंड में भाजपा की लीड बढ़ती जा रही थी। आखिर मेंभाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने सपा के अजीत प्रसाद को 61 हजार से अधिक वोटों से हरा दिया।भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु ने पहले राउंड से ही सपा के अजीत प्रसाद से बढ़त बना ली है। पहले राउंड में भाजपा के चंद्रभानु पासवान का 6082 वोट मिले। जबकि सपा के अजीत प्रसाद को 2091 वोट मिले। यही से बीजेपी ने लीड करना शुरू किया और आखिरी राउंड तक बढ़ते बनाए रखा।

# मामूली कहासुनी के बाद थार सवार ने दो युवकों को कुचला कर एक की मौत, दूसरा घायल

## हादसे में शामिल दोनों आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ मे जुटी

अयोध्या। थाना कैंट क्षेत्र में शनिवार को मामूली कहा सुनी के चलते थार सवारी युवक ने दो लोगों को गाड़ी से कुचल दिया जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते चले यह हादसा थाना कैंट क्षेत्र के बनबीरपुर में हुई।जानकारी के मुताबिक थाना कैंट क्षेत्र के बनवीरपुर में हुई।इस घटना में बनवीरपुर निवासी कप्तान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वही उनके अन्य साथी प्रिंस सिंह को गंभीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए इसमें शामिल मुख्य आरोपी अर्पित दुबे के अलावा उसके सहयोगी चंदन त्रिपाठी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस इन दोनों आरोपियों को थाने पर लाकर मामले की गहन जांच कर रही है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रॉमा सेन्टर मे एक हफ्ते में दोबारा शुरू होगा सीटी स्कैन, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

सुल्तानपुर। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन को लेकर खबर का असर अब दिखने लगा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस मामले को गंभीरता से लिया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि मशीन के जरूरी पार्ट्स एक हफ्ते के भीतर आ जाएंगे, जिसके बाद सीटी स्कैन सेवा फिर से बहाल कर दी जाएगी। इस पहल से जिले के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जो अब तक जांच के लिए इधर–उधर भटकने को मजबूर थे। गौरतलब है कि ट्रॉमा सेंटर की सीटी स्कैन मशीन पिछले कई माह से ज्यादा समय से खराब पड़ी थी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी हो रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता बढ़ी है जिसके बाद स्वास्थ मंत्री द्वारा एक्शन हुआ और अब जल्द ही मरीजों को सिटी स्कैन को लेकर बड़ी राहत मिलने जा रही है।

# गौशाला में सीसीटीवी कैमरा उल्टा होने और चोरी से नाराज गौ सेवक पवन मिश्रा ने जताई आपत्ति



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कृषि परिसर में स्थित गौशाला में गौशाला के संरक्षक पवन मिश्रा द्वारा गौशाला की रखरखाव की सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरे उल्टे होने के कारण वहां से सामान गायब हो रहे थे। जिसको लेकर गौ रक्षक पवन मिश्रा द्वारा आपत्ति जताई गई। पवन मिश्रा का आरोप है कि जानबूझ कर इस तरह से कैमरा उल्टा किया गया है जिसके लिए नगरपालिका के कुछ कर्मचारी इस कार्य में संलिप्त हैं। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने पहुंचकर मामले को संज्ञान में लिया साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राम सूरत मौर्य ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया ।इस पर कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले को बुलाकर उसे सही कराया गया इस दौरान वहां काफी भीड़ भी एकत्रित हो गई। मौके पर पुलिस ने भी पहुंचकर गौ सेवा में लगे गौ रक्षों को समझाया। इस मामले में बात करते हुए अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि कैमरा किन्हीं कारणों से उल्टा लग गया था जानकारी होने पर इसे टेक्नीशियन द्वारा बुलवाकर सीधा कर दिया गया है ।गौशाला रक्षक द्वारा कुछ समस्याएं बताई गई है जिसकी निराकरण के लिए भी पूरे प्रयास किया जा रहे हैं। गोवंश के लिए चारा की व्यवस्था कराई जा रही है कैमरा उल्टा कैसे हुआ इसकी भी जांच कराई जाएगी। कुछ अराजक तत्व जो परिसर के आसपास घूमते हैं संभवत उनके द्वारा इस तरह का कार्य किया गया होगा अभी स्थिति सामान्य है। वही अध्यक्ष प्रतिनिधि और रामसूरत मौर्या ने कहा कि मौके पर गाय सुरक्षित हैं सीसीटीवी कैमरे उल्टे होने की बात पवन मिश्रा द्वारा बताई गई है जिसे पो द्वारा तत्काल ठीक कर दिया गया है अन्य समस्याओं को देखते हुए जल्द ही इसका निराकरण किया जाएगा लगातार गौशाला के लिए जो भी शासन द्वारा सामान उपलब्ध कराया जा रहा है उसे यहां तक पहुंचा जा रहा है बाकी जो भी समस्या है उसे हम अपने स्तर से हल करने का प्रयास करें।

# नीट की तैयारी का रहे छात्र ने खुद को गोली मार कर इह लीला की समाप्त

हरदोई (अम्बरीष सक्सेना) कोतवाली शाहाबाद के गांव बासितनगर के मजरा नेवादा गांव के रहने वाले छात्र ने शनिवार दोपहर को अज्ञात कारणों से खुद को गोली मार कर आत्म हत्या कर ली। मां बाप ने अपने होनहार पुत्र को बड़े ही परेशानियां उठा कर उसे पढ़ा रहे थे किंतु समय के चक्र ने एक पल में संपूर्ण आशाओं पर तुषारापात कर दिया। बताया जाता है कि मां बाप के आपसी घरेलू विवाद की किसी बात को लेकर विमलेश के 18 वर्षीय पुत्र अर्जित ने खुद को देसी तमंचे से गोली मार कर आत्म हत्या कर ली। गोली की आवाज से आस पास के लोग एकत्रित हो मौके पर पहुंचकर देखा तो बहुत ही दुखद घटना से सभी की आंखे नम हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली लगते पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई ऐसी स्थिति देखते ही मां बाप बेसुध हो गए।



घटना की सूचना पर पाते की मौके पर सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। तत्काल फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर जांच पड़ताल करने में जुट गई।पुलिस उपाधीक्षक अनुज मिश्र ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आगे की कार्यवाही तहरीर मिलने और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जायेगी।

# रात्रि निवास नहीं करने पर 31 अधिकारियों का डीएम ने रोका वेतन और भत्ता

प्रतापगढ़, (संवाददाता)। कलक्ट्रेट के एनआईसी सभागार में बुधवार को डीएम ने स्वच्छता समिति की बैठक ली। इसमें ब्लॉक मुख्यालय पर रात्रि निवास नहीं करने वाले 31 अधिकारियों का वेतन और आवासीय भत्ता रोकने का निर्देश दिया। इस कार्रवाई के बाद बैठक में सन्नाटा पसर गया। बाद में डीएम ने वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 में प्राप्त धनराशि से कराए गए कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने सभी पात्रों को व्यक्तिगत शौचालय देने का निर्देश दिया। डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 2024–25 में लक्ष्य 19,406 के सापेक्ष 22,606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। पोर्टल पर आवेदनों में से 17,542 व्यक्ति पात्र मिले हैं। जिनकी एमआईएस करा दी गई है। इसमें से 11,885 लाभार्थियों को दो चरणों में पीएफएमएस के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 4750 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि उनके खाते में भेज दी गई है। एमआईएस के सापेक्ष 5,651 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 7,135 लाभार्थियों को दूसरी किश्त भेजी जानी है। शौचालयों की रेट्रोंफिटिंग के तहत पंचायत सहायकों द्वारा अभियान में चयनित 4,23,690 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 4,07,651 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष–2024–25 में 173 ग्राम पंचायतों के तहत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाया जाना है। और जेई समेत 31 अधिकारियों का वेतन और आवासीय भत्ता रोकने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, डीडीओ सुखराज बंधु, डीएफओ रामसिंह यादव, सभी बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं समाज कल्याण आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# वाराणसी में जलमार्ग प्राधिकरण देगा नावों के लिए लाइसेंस, जल्द तय होगी रूपरेखा

वाराणसी, (संवाददाता)। गंगा में नावों का भविष्य अब उत्तर प्रदेश अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण तय करेगा। जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण की ओर से लाइसेंस भी जारी किए जाएंगे। अब तक नावों का लाइसेंस नगर निगम की ओर से बनाया जाता था। ार पर जल्द ही आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। शासन स्तर से कैबिनेट से मंजूरी के बाद के प्राधिकरण का क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में भी खुलेगा। प्राधिकरण के अधिनियम के तहत नदियों के आसपास की सभी प्रकार की एक्टिविटी तय की जाएगी। इसका प्रभाव काशी में गंगा के 88 घाटों पर भी पड़ेगा।

# मरीज कुशल डॉटर व तकनीक में गुजार देते हैं कीमती वक्त

लखनऊ, (संवाददाता)। कैंसर के इलाज के लिए मरीजों में कई भ्रांतियां हैं। मरीज, कुशल डॉक्टर व




एडवांस मशीनों की तलाश में एक से दूसरे संस्थान में भटकते रहते हैं। इससे कीमती समय बीत जाता है, बीमारी गंभीर हो जाती है। यह बातें पीजीआई रेडियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष व डीन डॉ. शालीन कुमार ने कही। वे बृहस्पतिवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में कैंसर बीमारी पर जानकारी दे रहे थे। एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन आंकोलॉजी ऑफ इंडिया व यूरोपियन सोसाइटी फॉर रेडियोथेरेपी एंड आंकोलॉजी की तरफ से कार्यशाला हुई। पीजीआई डीन डॉ. शालीन कुमार ने कहा, ओपीडी में 20 से 30 प्रतिशत मरीज डॉक्टर, दवा, जांच व तकनीक के बारे में पूछते हैं। बड़े सरकारी संस्थानों में हर तरह के कैंसर का आधुनिक विधि से इलाज होता है। केजीएमयू रेडियोथेरेपी विभाग के डॉ. सुधीर सिंह ने कहा, महिलाओं में सर्वाइकल व यूट्रस का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें महिलाओं का ऑपरेशन, कीमोथेरेपी व सर्जरी से इलाज किया जाता है। रेडियोथेरेपी की नई मशीन से ट्यूमर पर खात्मा संभव है। ऐसे ट्यूमर जो सांस के साथ ऊपर, नीचे या दाएं–बाएं चले जाते हैं।

# मासूम की जटिल सर्जरी करके जन्मजात बीमारी से दिलाई निजात

लखनऊ, (संवाददाता)। बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने केजीएमयू की टीम की मदद से बच्चे को एनोरेक्टल मालफॉर्मेशन (हाई एआरएम) करने में सफलता हासिल की है। परिजनों ने पहले निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया, लेकिन सफल नहीं रहा। ऑपरेशन के बाद बच्चा स्वस्थ है। टीम का दावा है कि अस्पताल में ऐसी सर्जरी पहली बार हुई है। सीतापुर टांडा के खुंखुन पुरवा निवासी रामू का एक साल का बेटे अयान कुमार जन्मजात बीमारी इंपरफोरेट एनस (जन्म के समय से मलद्वार का न होना) की समस्या से पीड़ित था। परिजनों ने राजधानी के निजी अस्पताल में बच्चे का ऑपरेशन करवाया था। एक लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन ऑपरेशन सफल नहीं रहा। दोबारा समस्या होने पर परिजन, बच्चे को बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार को दिखाया। डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉ. अखिलेश ने




केजीएमयू के पीडियाट्रिक विभाग के प्रमुख डॉ. जेडी रावत से मदद ली। ऑपरेशन के लिए केजीएमयू से पीडियाट्रिक सर्जन्स की टीम बलरामपुर अस्पताल भेजी गई। डॉ. अखिलेश ने बताया कि मरीज को पोसटेरियर सेगीटल एनोरेक्टोप्लास्टी (पीएसएआरपी) नामक जटिल सर्जरी करीब साढ़े चार घंटे तक की गई। मासूम का ऑपरेशन सामान्य एनेस्थीसिया देकर किया गया। अब बच्चा सामान्य रूप से खानपान, मल त्याग रहा है।

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं कैडेट

लखनऊ, (संवाददाता)। दिल्ली में हुई गणतंत्र दिवस परेड में शामिल एनसीसी कैडेटों का बृहस्पतिवार को राजभवन में सम्मान हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इन्हें स्वर्ण व रजत पदक से नवाजा। मौके पर कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ग्रुप को एनसीसी बैनर देकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहाकि एनसीसी कैडेटों का अनुशासन, देशभक्ति व कर्तव्यपरायणता सराहनीय है। कैडेट समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं। खुशी की बात है कि कैडेटों की संख्या 20 लाख पहुंच गई है, जिनमें आठ लाख बालिकाएं हैं। राज्यपाल ने कहा कि बीते वर्षों में एनसीसी का दायरा सीमावर्ती तथा तटीय क्षेत्रों तक बढ़ाया गया है। यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, जो युवाओं को नेतृत्व, राष्ट्रसेवा और अनुशासन का प्रशिक्षण देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए 'पांच प्रण' की चर्चा करते हुए कहा कि हर भारतीय को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में यूपी के 127 एनसीसी कैडेटों ने हिस्सा लिया था। यूपी एनसीसी निदेशालय की 14 बालिका तथा 11 बालक कैडेटों ने भाग लिया था। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर के लिए आठ एनसीसी कैडेटों का चयन किया गया था। इनमें सीनियर डिविजन एवं सीनियर विंग के पांच–पांच बालक कैडेट शामिल रहे। अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, एनसीसी उत्तर प्रदेश के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रम कुमार मौजूद रहे। समारोह में एनसीसी कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ चयनित छह कैडेटों को राज्यपाल स्वर्ण व छह को राज्यपाल रजत पदक दिया। राज्यपाल स्वर्ण पदक से सम्मानित होने वालों में गाजियाबाद से कैडेट कनिष्क, कैडेट अंशिका सिन्हा एवं कैडेट मानसी तथा आगरा से कैडेट कृति नौटियाल, लखनऊ के कैडेट विशाल सिंह, कैडेट अंशिका कुमारी रहे। राज्यपाल रजत पदक से प्रयागराज से कैडेट अर्नव दीपक चंद्रावंशी, अलीगढ़ से कैडेट अनुराग कुमार, बरेली से कैडेट महदीप कृष्ण शर्मा, मेरठ से कैडेट कैडेट रीतिका, गाजियाबाद से कैडेट गोरमा मानचू तथा लखनऊ के कैडेट नीतिश यादव नवाजे गए। एएनओ और पीआई स्टाफ को भी पुरस्कार दिए गए। सर्वश्रेष्ठ एनसीसी ग्रुप के लिए प्रतिष्ठित इंटर ग्रुप चौम्पियनशिप बैनर ग्रुप कमांडर गाजियाबाद को दी गई, जिसे ब्रिगेडियर कुलविन्दर सिंह ने प्राप्त किया।

# 13 दिनों तक रद्द रहेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

लखनऊ, (संवाददाता)। मेरठ–लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस शुक्रवार यानि आज से 13 दिन रद रहेगी। लखनऊ रेलवे मंडल में बालामऊ स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के कारण 26 और ट्रेनें रद की गई हैं। इनमें राज्यरानी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल हैं। राज्यरानी छह दिन और वंदे भारत 13 दिन नहीं चलेगी। इनके अलावा नौचंदी एक्सप्रेस का रूट बदला गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि ट्रेन संख्या 22489–90 मेरठ–लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस 7 से 19 फरवरी तक रद रहेगी। ट्रेन नंबर 22453–54 राज्यरानी एक्सप्रेस 14 से 19 फरवरी तक रद रहेगी। नौचंदी एक्सप्रेस 14 से 18 फरवरी तक लखनऊ– कानपुर– खुर्जा–हापुड़ होकर चलेगी। इस अवधि में नौचंदी एक्सप्रेस अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली होकर नहीं चलेगी। ब्लॉक के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस 13 दिन और राज्यरानी छह दिन नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी होगी। सुबह के समय लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर की यात्रा के लिए ये ही दोनों ट्रेनें हैं, जिनके रद होने से यात्रियों को बसों से यात्रा करनी पड़ेगी। महाकुंभ जाने वाले श्रद्घालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से 18 से 24 फरवरी के बीच दो–दो फेरों में वैष्णो देवी कटरा फाफामऊ जंक्शन कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि गाड़ी संख्या 04613 वैष्णो देवी कटरा फाफामऊ जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल 18 व 23 फरवरी को वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से सुबह 3:50 बजे रवाना होगी। ट्रेन जम्मूतवी, कठुआ, पठानकोट, जालंधर, लुधियाना, सानेहवाल, अंबाला, सहारनपुर, रुड़की, मुरादाबाद, बरेली होते हुए रात 11:57 बजे चारबाग स्टेशन पहुंचेगी। यहां पांच मिनट रुकने के बाद रायबरेली होते हुए सुबह 4:25 बजे फाफामऊ जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04614 फाफामऊ जंक्शन वैष्णो देवी कटरा कुंभ मेला स्पेशल 19 व 24 फरवरी को फाफामऊ से शाम 7:30 बजे चलकर लखनऊ रात 12:10 बजे पहुंचेगी तथा उपरोक्त स्टेशनों से होते हुए अगली रात 10 बजे श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल बोगियां होंगी।

# साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए

लखनऊ, (संवाददाता)। नेशनल पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से टेक फेस्ट 4.0 का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने नवाचार और रचनात्मकता से साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए। टेक फेस्ट का मुख्य आकर्षण साइबर शो रहा। इसमें छात्रों ने नाटक से साइबर अपराध के खतरों और चुनौतियों को दिखाने के साथ ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में बताया। प्रदर्शनी के दौरान कोडिंग में रुचि रखने वालों के लिए कोडगोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सबसे कम लाइनों में कोड लिखने के कौशल का परीक्षण करने का अवसर दिया गया। आर्टबर्स्ट पोस्टर प्रतियोगिता ने प्रौद्योगिकी की समझ को कलात्मक रूप में व्यक्त किया गया। प्राम्ए मैट्रिक्स ने एआई के क्षेत्र में संभावनाएं बताईं। मीमिफाई प्रतियोगिता में छात्रों ने कॉलेज जीवन और कक्षा के मजेदार पहलुओं पर मीम बनाए। आविष्कारों की प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण रही। छात्रों का स्वचालित डस्टबिन व व्हील बैलेंसिंग रोबोट ने अलग छाप छोड़ी। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह, कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रमुख डॉ. शालिनी लांबा, प्रो. राकेश पाठक, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ तरुण टंडन, संजय गुप्ता, अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अब टाइगर एक्सपर्ट शिखा की रणनीतियों का इम्तिहान

लखनऊ। रहमानखेड़ा के इलाके में 64 दिनों से बाघ लुकाछुपी खेल रहा है। वन विभाग को छका रहे और इलाके में बेखौफ चहलकदमी कर रहा बाघ अब तक 19 शिकार कर चुका है। वह अभी भी पकड़ से बाहर है। बाघ के रेस्क्यू के लिए वन विभाग के तमाम कवायदों के नाकाम हो जाने के बाद उत्तराखंड के एक और टाइगर एक्सपर्ट वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) से शिखा बिष्ट को बुलाया गया है। बाघ के रेस्क्यू के लिए अब उनके रणनीतियों पर सबकी निगाहें हैं। बृहस्पतिवार को शिखा बिष्ट ने वन विभाग की ओर से किए गए अब तक के प्रयासों को बारीकी से समझा। अब तक लगाए गए सात पिंजरे, दो जगहों पर लगाए गए जाल, 32 ट्रैप कैमरे, पांच सीसीटीवी इस सबको देखा और परखा। इलाके का दौरा भी किया। बृहस्पतिवार को वह रेकी के लिए बंशीगढ़ी के जंगलों की ओर पोखौरा गांव गई थीं। बुधवार को बाघ के बागवानी संस्थान में होने की बात कही जा रही थी। कुछ ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि अब बाघ संस्थान से लगभग 10 किमी दूर बंशीगढ़ी के जंगलों की ओर चला गया है। लगातार ठिकाना बदलने की वजह से उसके रेस्क्यू में मुश्किलें आ रही हैं। बृहस्पतिवार को ट्रैप में लेने के लिए ठेकेदारों से दो नए पड़वे मंगाए गए हैं। 19 वें शिकार वाली जगह पर ही नया पढ्ड़वा बांध दिया गया है। बन विभाग बाघ को आलसी बनाकर पकड़ने की रणनीति बना रहा है। बाघ को रहमानखेड़ा के अंदर ही शिकार उपलब्ध कराया जा रहा है। रणनीति ये बनाई गई है कि आसानी से बिना मशक्कत शिकार उपलब्ध करा कर उसे आदी और आलसी बना दिया जाए। इससे उसे घेरने में आसानी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चावल से प्रभु राम की प्रतिमा को दे दिया आकार

लखनऊ, (संवाददाता)। राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम... इस चौपाई को चरितार्थ किया है आलमबाग के गीतापल्ली निवासी किसान व मूर्तिकार शैलेंद्र कुमार ने। उन्होंने 280 किलो कालानमक चावल से प्रभु राम की 10 फीट ऊंची और चार फीट चौड़ी प्रतिमा बनाई है। इसे पूरा करने में उन्हें तीन महीने का समय लगा, जिसमें भाई ने भी उनका साथ दिया। दस क्विंटल वजनी प्रतिमा को बनाने के लिए उन्होंने मित्र शिवशंकर पटेल से आर्थिक मदद भी ली। फिलहाल प्रतिमा आशियाना के सेक्टर एम में रखी गई है। शैलेंद्र बताते हैं कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद उनके मन में भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनाने का विचार आया। सीमेंट से प्रभु की प्रतिमा को आकार दिया, फिर उस पर चावल चिपकाकर निर्माण पूरा किया। प्रतिमा कहां स्थापित की जाएगी इस पर विचार जारी है। उनकी इच्छा है कि महाकुंभ में संगम के पवित्र जल से प्रतिमा का जलाभिषेक किया जाए।

### चोरी की बिजली से चार्ज होते मिले 20 ई रिक्शा

लखनऊ, (संवाददाता)। नूरबाड़ी उपकेंद्र की टीम ने बृहस्पतिवार सुबह सात बजे सआदतगंज में छापे के दौरान 20 ई रिक्शा चोरी की बिजली से चार्ज होते पकड़े। उपकेंद्र इलाके में यह सातवां चोरी की बिजली से चलने वाला गैराज पकड़ा गया है। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के मुताबिक एसडीओ अखिलेश यादव, जेई राजेश सिंह की टीम ने सआदतगंज स्थित किशोरगंज में गैराज की जांच की तो घर से केबल लाकर ई रिक्शा चार्ज होते मिले। गैराज में वैध कनेक्शन भी नहीं था। सैयद अरशद अब्बास आब्दी की पत्नी सैयद सुमैया अब्बास आब्दी के नाम से गैराज के बगल में बने घर में वैध बिजली कनेक्शन था। जांच में बिजली का लोड पांच किलोवॉट मिला। गैराज की जांच में कुल 20 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। पुलिस में एफआईआर कराई गई, जिसका जुर्माना अनुमानित 15 लाख रुपये का बनेगा।

### दिलकश नजारों का गुलदस्ता बनेगा हेरिटेज कॉरिडोर

लखनऊ, (संवाददाता)। हेरिटेज कॉरिडोर में बनाए गए फूड कोर्ट का बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुभारंभ किया। मंडलायुक्त ने कहा, कॉरिडोर का काफी काम हो चुका है। जो बचा है वह तेजी से जारी है। कॉरिडोर दिलकश नजारों का गुलदस्ता जैसा बनेगा। इसमें लखनऊ की विरासत की झलक दिखेगी। यहां तक कि प्रदेश का भी इतिहास संजोया जाएगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि 9.75 करोड़ रुपये से फूड कोर्ट बनाया गया है। फूड कोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर शहर के पांच नामचीन रेस्टोरेंट संचालित हैं। रूफ टॉप पर भी कैफे बनाया गया है। 21.61 करोड़ रुपये की लागत से म्यूजियम बनाया जा रहा है। म्यूजियम में टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेंटर भी बनाया जा रहा है, जहां एलईडी पैनल पर प्रदेश का इतिहास प्रदर्शित किया जाएगा। 3.41 करोड़ रुपये की लागत से फ्रेगनेंस पार्क विकसित किया गया है। कई करोड़ और रुपये की लागत से फुटपाथ आदि व्यवस्थित किया जा रहा है। हेरिटेज जोन व स्मार्ट सिटी के तहत कराए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता व कलात्मकता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के लिए मंडलायुक्त ने हेरिटेज कमेटी का गठन किया है। इसमें सेवानिवृत्त आईएएस जोहरा चटर्जी, एकेटीयू के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट की डीन डॉ. वंदना सहगल, फिल्म मेकर मुज्जफ्फर अली, रानी मीरा अली, अभिनेता अनिल रस्तोगी, आर्ट्स कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य जय कृष्णा अग्रवाल, लेखक व कथाकार नीलेश मिश्रा, लेखक प्रस्तुतकर्ता यतीन्द्र मिश्रा व कन्जर्वेशन आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा व शिखा जैन को शामिल किया गया है।

### संविदा बिजली कर्मियों की छंटनी के विरोध में प्रदर्शन

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने बृहस्पतिवार को लखनऊ समेत 19 जिलों के संविदा बिजली कर्मियों ने छंटनी के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 55 साल की उम्र पूरी करने वाले जिन संविदा कर्मियों की छंटनी की गई, उन्हें वापस लेकर आदेश को निरस्त करने की आवाज उठाई। गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय के गेट पर संघ के महासचिव देवेंद कुमार पांडेय ने कार्यक्षेत्र में मानक से कम कर्मियों की तैनाती, तैनात कर्मचारियों में से 40 फीसदी की छंटनी, 55 साल की उम्र पूरी करने वालों को संविदा सेवा से हटाने का विरोध किया। उन्होंने कहा, संविदा कर्मियों से मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण के बिना 8 घंटे 26 दिन के स्थान पर 12 घंटे 30 दिन कार्य कराया जा रहा है। जब तक मांगें पूरी नहीं होगी तब कई चरण में धरना, प्रदर्शन व घेराव होगा। प्रदर्शन में लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर आदि जिलों के संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश महबूब आलम गिरफ्तार, गोकशी समेत नौ मुकदमे हैं दर्ज

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के सीतापुर में शुक्रवार की तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश महबूब आलम उर्फ बाला को गिरफ्तार किया। इस पर नौ मुकदमे दर्ज हैं। मानपुर थाने में गोकशी का भी मुकदमा दर्ज है। यह कार्रवाई एसओजी और तालगांव थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की। टीम ने टीम ने इसे तालगांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

### 17 जिले संवेदनशील हुए घोषित, प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा साहित इन जगहों पर विशेष सख्ती

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। इसके तहत जहां जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं, वहीं राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही 17 जिले परीक्षा के लिए संवेदनशील घोषित किए गए हैं। यहां पर विशेष निगाह रहेगी। विभाग के अनुसार पिछली परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल, अनियमितता आदि कारणों से कराई गई पुर्नपरीक्षा के आधार पर 17 जिलों को अतिसंवेदनशील चिह्नित किया गया है। इसमें गोंडा, आगरा, मथुरा, बागपत, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, हरदोई, आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज, कौशांबी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया



शामिल हैं। इसके लिए विभाग ने अतिरिक्त तैयारी शुरू कर दी है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सभी डीएम, कमिश्नर व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन जिलों में जिन तिथि व पाली में परीक्षा होनी है, वहां पर विशेष सतर्कता रखी जाए। नकल माफिया, असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। डीएम की अध्यक्षता में बैठक कर नकलविहीन परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। पेपर की सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में बोर्ड परीक्षा सकुशल आयोजित करने व निगरानी के लिए जिला मुख्यालय, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जिलों के कंट्रोल रूम से जिला, क्षेत्रीय कार्यालय से वहां के केंद्र और राज्य स्तर से सभी 75 जिलों के केंद्र की निगरानी की जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की मॉनीटरिंग डीएम द्वारा नामित प्रशासनिक अधिकारी करेगा। कंट्रोल रूम से निगरानी में किसी तरह की गड़बड़ी केंद्र में मिलने पर संबंधित अधिकारी को तुरंत सूचित कर वहां भेजा जाएगा। इसके साथ ही एक रजिस्टर पर सूचनाएं दर्ज की जाएं।

### राम मंदिर की नींव में पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट (रामशिला) रखने वाले प्रथम कारसेवक और ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल (68) नहीं रहे। वे लंबे समय से किडनी व्याधि से पीड़ित थे। बिहार में कमरैल (सुपौल) के रहने वाले चौपाल को नौ नवंबर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की नींव की पहली ईंट रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वे विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े थे और विधान परिषद सदस्य रहे थे। उपचार के लिए भर्ती रहने के समय दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में बृहस्पतिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, शोक व्यक्त किया है।

### फन मॉल की छत पर लगी आग, मौके पर मची अफरातफरी

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को सुबह करीब 12रू30 बजे फन मॉल की छत में आग लग गई। छत से धुआं उठता देख मौके पर अफरातफरी मच गई। मॉल के कर्मचारियों ने घटना की जानकारी दमकल और गोमतीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मॉल में मौजूद लोगों से शांत रहने की अपील की। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे में एक गाड़ी से आग पर काबू पा लिया। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

### हनुमानगढ़ी के पास व्यापारियों और पुलिस में विवाद

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को हनुमानगढ़ी मंदिर के पास व्यापारियों और पुलिस में विवाद हो गया। पुलिस अधिकारी पर दुकानदार की पिटाई का आरोप है। इसके बाद कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया। विवाद के बाद दुकानदारों में आक्रोश बढ़ गया। दुकानदारों ने हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने की दुकान बंद करके प्रदर्शन शुरू कर दिया। व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इन दिनों रामनगरी में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ है। पुलिस पर व्यापारी अजय कुमार की पिटाई का आरोप है। पुलिस की पिटाई से व्यापारी का सिर फट गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया। मामला राम जन्मभूमि के हनुमानगढ़ी थाना क्षेत्र का है।

# हम अमेरिका को इतना बड़ा बाजार दे रहे हैं, फिर भी ऐसा व्यवहार – अखिलेश यादव

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी में अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर हुए मतदान का परिणाम 8 फरवरी को आना है। इससे पहले शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने अमेरिका से भारतीयों को वापस भेजने को लेकर सरकार का घेरा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कहती थी कि हम दुनिया में एक स्तर पर पहुंच गए



हैं। हम अब विश्वगुरु बन रहे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंचने वाली है। लेकिन, भारतीय नागरिकों को कैसे लाया गया? दूसरे देश के राष्ट्रपति ने कहा कि वे सैन्य विमान से भेजे गए लोगों को स्वीकार नहीं करेंगे। अमेरिका को यह स्वीकार करना होगा, क्या भारत इतना कमजोर है? कहा कि हम अमेरिका को इतना बड़ा बाजार दे रहे हैं, फिर भी ऐसा व्यवहार? यहीं पर पंजाब के लोगों ने 50 लाख रुपये खर्च किए। गुजरात के लोगों ने वहां जाने के लिए एक करोड़ रुपये खर्च किए।

# यात्रियों के लिए खुशखबरी, तीन रेलवे स्टेशनों पर बढ़ेंगे 18 ट्रेनों के ठहराव

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी के तीन स्टेशनों पर 18 ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने की तैयारी है। मार्च के पहले हफ्ते में स्टॉपेज के प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लग सकती है। खास बात यह है कि उतरेटिया, आलमनगर व मल्हौर स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ने से 24 हजार से ज्यादा यात्रियों को राहत होगी। उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए चारबाग व लखनऊ जंक्शन जाने के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से चारबाग, लखनऊ जंक्शन पर यात्रियों एवं ट्रेनों का लोड कम करने के उद्देश्य से ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत मुख्य स्टेशनों से इतर अन्य छोटे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन स्कीम में विकसित किया जा रहा है। स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने के लिए दैनिक यात्री एसोसिएशन की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसके दृष्टिगत प्रस्ताव तैयार किया गया है। चारबाग व जंक्शन पर सवा लाख से अधिक यात्री प्रतिदिन आते–जाते हैं। यहां से 180 से ज्यादा ट्रेनों का आना–जाना है। ऐसे में भयंकर ट्रैफिक हो जाता है। बड़े स्टेशनों पर दबाव कम करने के लिए रेलवे प्रशासन छोटे स्टेशनों को विकसित कर वहां ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने जा रहा है। उत्तर रेलवे के तीन रेलवे स्टेशनों उतरेटिया, मल्हौर व आलमनगर पर ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाए जाएंगे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।